**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 04 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष योग दिवस के प्रति लोगों में उत्साह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लोगों से योग दिवस मनाने और योग को अपने जीवन का नियमित अंग बनाने का आह्वान किया। श्री मोदी ने 21 जून को आंध्र प्रदेश में योग दिवस मनाने के लिए उत्सुकता प्रकट की है।**

---

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच राष्ट्र अपने सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के सम्मान में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित नायक जदुनाथ सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।**

***1916 में उत्तर प्रदेश में जन्मे पहली बटालियन राजपूत रेजीमेंट के नायक जदुनाथ सिंह जम्मू और कश्मीर में नौशेरा के नजदीक तैनधार में चौकी कमांडर थे। 1947-48 के भारत पाक युद्ध के दौरान दिसंबर 1947 को झंगर पर कब्जे के बाद पाकिस्तानी हमलावरों ने नौसेना सेक्टर में रणनीति बढ़त हासिल की। आगे की हमलों की आशंका को ध्यान में रखते हुए भारतीय सेना ने तैनधार रिज सहित प्रमुख स्थानों पर अपने नियंत्रण को मजबूत किया जहां नायक जदुनाथ सिंह ने 9 लोगों की अग्रिम चौकी की कमान संभाली। 6 फरवरी 1948 की धुंध भरी सुबह में दुश्मन की सेना ने तैनधार पर बड़े पैमाने पर एक के बाद एक हमला करना शुरू किया। संख्या में कम होने के बावजूद नायक जदुनाथ सिंह ने दुश्मन के इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। खुद घायल होने के बावजूद उन्होंने घायल गनर से ब्रेन गन ली और दुश्मन पर हमला किया, जिससे दुश्मन का दूसरा हमला रुक गया। तीसरे हमले के अंत तक चौकी पर***

***मौजूद 27 जवानों में से 24 जवान शहीद या घायल हो चुके थे, गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद एक स्टैंड गन के साथ उन्होंने अकेले ही शत्रुओं का सामना किया, जिससे डर कर हमलावर भाग खड़े हुए। अदम्स साहस और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए वे वीरगति को प्राप्त हुए। इस उत्कृष्ट शौर्य और सर्वोच्च बलिदान के लिए नायक जदुनाथ सिंह को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**हरियाणा खेल विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पंचकूला के ताऊ देवी लाल खेल परिसर में राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।खेल विभाग के निदेशक लक्ष्मी पंत ने बताया कि परसों शुरू हुई इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 22 जिलों से लगभग 1000 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।**

**शिविर में भाग ले रही रोहतक की इशिका ने बताया कि योग से उसकी स्वस्थ्य से जुड़ी दिक्कतें हाल हो गई हैं।**

**हिसार की मानवी व्यास ने बताया कि योग से उसके सिर पर बालों का घनत्व ठीक हो गया है और बाल झड़ने की समस्या से निजात मिली है। तथा हेयर डेन्सटी बहुत कम थी।**

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कल पलवल जिले के खंड पलवल के गांव अमरपुर, थंथरी तथा जल-हाका और खंड हथीन के गांव घररोट, जैनपुर, जनाचोली और खंड हसनपुर के गांव हसनपुर, सहनौली, रामगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किए गए।इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों एवं नवाचार से अवगत कराना, कृषि लागत में कमी लाकर आय में वृद्धि सुनिश्चित करना, उत्पादन क्षमता में सुधार लाना तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है।**

----------------------------------------------------------------------------------------------------